प्रेस नोट थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर दिनांक 26.01.2025

अवैध/कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बैनामा करने हेतु पैसे लेने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में , पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा के नेतृत्व में उ0नि0 राहुल राव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 396/2024 धारा 406/419/420/506/467/468/471 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त द्वारा अवैध व कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बैनामा करने हेतु वादी मुकदमा से पैसे लिया गया किन्तु जमीन बैनामा नही किया गया। वादी द्वारा पैसे मांगने पर गाली गुफ्ता व मुकदमे में फसाने की धमकी देने के आरोप में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

विजय कुमार पुत्र भीम निषाद निवासी ग्राम छितहरी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर हा0मु0 रामनगर करजहा थाना खोराबार जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0स0 396/2024 धारा 419,420,467,468,471,406,506 भादवि थाना चौरी चौरा गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 राहुल राव थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अभय कुमार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
3. कां0 आजाद अली चौरी चौरा जनपद गोरखपुर